अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

14 MAY 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने आर. लक्ष्मी कांत राव को अपना नया कार्यकारी निदेशक (ED) नियुक्त किया**




- हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने आर. लक्ष्मी कांत राव को अपना नया कार्यकारी निदेशक (ED) नियुक्त किया है।
- आर. लक्ष्मी कांत राव के पास आरबीआई में 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है और उन्होंने पहले विनियमन विभाग के प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्य किया है।
- अब वे भारतीय रिजर्व बैंक में जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम की देखरेख करेंगे।

**2. जैविक उपज को प्रोत्साहित करने के लिए नागालैंड में पहली बार आलू महोत्सव मनाया**



- जैविक उपज को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में नागालैंड में पहली बार आलू महोत्सव मनाया गया।
- नागालैंड का पहला आलू उत्सव कोहिमा जिले के जखामा गांव में मनाया गया।
- इस उत्सव की थीम "नागालैंड के जैविक उत्पादों का जश्न मनाना" था और इसका उद्देश्य स्थानीय आलू और जैविक उत्पादों को बढ़ावा देना था।
- इस महोत्सव में आलू की खेती के वैज्ञानिक तरीकों को भी दर्शाया गया।

**3. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस "गने की घोषणा की**



- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वैश्विक खेल के रूप में फुटबॉल के महत्व को मान्यता देते हुए सर्वसम्मति से 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस "गने की घोषणा की है।
- इसका उद्देश्य फुटबॉल के सार का महत्त्व बताना जो सीमाओं को करते हुए दुनिया भर के लोगों को एकजुट करता है।
- 25 मई, पेरिस में 1924 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित पहले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ मनाती है, जो खेलों के माध्यम से राष्ट्रों के बीच एकता और सहयोग का प्रतीक है।
- नए घोषित दिवस –
- 22 जनवरी – शुष्क दिवस (छत्तीसगढ़)
- 17 सितंबर – हैदराबाद मुक्ति दिवस
- 22 जनवरी – अयोध्या राम दिवस (कनाडा ने घोषित किया)

**4. नेपाल के 'एवरेस्ट मैन' ने 29 बार शिखर पर चढ़कर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा**



- प्रसिद्ध नेपाली पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने अपने विश्व रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 29वीं बार माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की।
- 1994 में अपनी पहली सफल चढ़ाई के बाद से उन्होंने लगभग प्रति वर्ष 8,849 मीटर (29,032 फुट) ऊंची चोटी पर चढ़ाई की है।
- माउंट एवरेस्ट समुद्र तल से पृथ्वी का सबसे ऊँचा (8,849 मीटर) पर्वत है।

**5. नेपाल के 'मातातीर्थ औंसी उत्सव में हुआ माताओं का सम्मान**



- मातातीर्थ औंसी के अवसर पर, दुनिया भर से नेपाली लोग अपनी माताओं के चेहरे देखने के लिए आते हैं, यह मानते हुए कि वे उनके माध्यम से परमात्मा को देखते हैं। इस दिन सुबह स्नान करके, माँ को सुंदर वस्त्र और स्वादिष्ट भोजन अर्पित करके आशीर्वाद लेने की परंपरा रही है।
- मातातीर्थ औंसी उत्सव या मातृ दिवस नेपाली कैलेंडर के अनुसार बैसाख महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। नेपाल के हर घर में अलग-अलग धार्मिक मान्यताओं के बावजूद लोग अपनी मां को उपहार और आरती देते हैं।
- जिन लोगों ने अपनी मां को खो दिया है, वे पवित्र तालाब के पानी में उनके चेहरे की कल्पना करने और परमात्मा से जुड़ने की उम्मीद में काठमांडू घाटी के चंद्रगिरि नगर पालिका में मातातीर्थ मंदिर जाते हैं।
- ऐसा माना जाता है कि तालाब में पवित्र स्नान करने से मातृ ऋण से मुक्ति मिलती है।

**6. इसरो ने तमिलनाडु में 3डी प्रिंटिंग तकनीक से निर्मित लिक्विड रॉकेट इंजन 'PS4' का सफल परीक्षण किया**



- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा करते हुए कहा कि उसने एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (एएम) तकनीक या 3डी प्रिंटिंग का उपयोग करके निर्मित तरल रॉकेट इंजन 'PS4' का सफलतापूर्वक परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में किया है।
- निजी भागीदार विप्रो 3डी ने 3डी प्रिंटेड पीएस4 इंजन के हॉट परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए इसरो से हाथ मिलाया।

**7. भारत की आदिवासी कला परंपराओं को प्रदर्शित करने वाली 'स्वदेश' नामक प्रदर्शनी का दुबई में आयोजन हुआ**



- भारत की विविध और जीवंत लोक और आदिवासी कला परंपराओं को प्रदर्शित करने वाली 'स्वदेश' नामक एक अनूठी प्रदर्शनी संयुक्त राज्य अमीरात के दुबई में आयोजित की गई।
- विदिशा क्रिएशन्स के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न क्षेत्रों के कम-ज्ञात कला रूपों को अधिक पहचान दिलाना है।
- दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ज़ाबील हॉल में आयोजित प्रदर्शनी सह बिक्री में 60 देशों की लगभग 4,000 कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गईं।

**8. मार्टिन ने रोमांचक फ्रेंच मोटोGP जीता**




- जॉर्ज मार्टिन ने फ्रांस के ले मैंस में फ्रेंच मोटोGP में रोमांचक जीत के साथ चैंपियनशिप में अपनी बढ़त बढ़ा दी।
- प्रामैक डुकाटी राइडर मार्टिन 129 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे और बगानिया से 38 अंक आगे रहे जो दूसरे स्थान पर पहुंच गए।
- ग्रेसिनी डुकाटी के मार्क मार्केज एक रोमांचक मुकाबले में अंतिम लैप में फ्रांसेस्को बगानिया से आगे निकल कर दूसरे स्थान पर रहे।

**9. इदाशिशा नोंगरांग को मेघालय की पहली महिला पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया**



- इदाशिशा नोंगरांग 20 मई, 2024 को पदभार ग्रहण करते हुए बाधाओं को तोड़ते हुए मेघालय में पुलिस महानिदेशक (DGP) बनने वाली पहली महिला और आदिवासी महिला बनीं।
- UPSC-अनुशंसित सूची से नियुक्त, नोंगरांग, नागरिक सुरक्षा में एक शानदार पृष्ठभूमि के साथ और SP, पूर्वी खासी हिल्स के रूप में, दो साल के लिए भूमिका निभाते हैं।

**10. चीन सीमा पर प्रति किमी सड़क बनाने पर सरकार 2 करोड़ रुपए खर्च करेगी**



- पिछले पांच महीनों में, गृह मंत्रालय (MHA) ने अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम में 113 सड़कों को मंजूरी दी है।
- चीन के करीब 168 गांवों को जोड़ने की जरूरत है।
- वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम: LAC पर सुरक्षा ग्रिड को बढ़ावा देने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना।
- यह हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों को शामिल करेगा।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **भारतीय रिज़र्व बैंक ने हाल ही में किसे नया कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है?**
   (a) आर. लक्ष्मी कान्त राव
   (b) दीपक जैन
   (c) शिल्पा वर्मा
   (d) सुनील दीक्षित
2. **निम्न में से राज्य में जैविक उपज को प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार आलू महोत्सव मनाया गया?**
   (a) हिमाचल प्रदेश
   (b) नागालैंड
   (c) ओडिशा
   (d) आंध्र प्रदेश
3. **संयुक्त राष्ट्र ने किस दिन अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल दिवस मनाने की घोषणा की है?**
   (a) 25 मई
   (b) 15
   (c) 5 जुलाई
   (d) 12 अगस्त
4. **कामी रीता ने 29वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की है और 28 बार चढ़ने के अपने ही रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। वह किस देश से है?**
   (a) श्रीलंका
   (b) नेपाल
   (c) भूटान
   (d) भारत
5. **हाल ही में माताओं को सम्मान देने वाला 'मातातीर्थ औंसी उत्सव' कहाँ आयोजित हुआ है?**
   (a) भारत
   (b) भूटान
   (c) नेपाल
   (d) चीन
6. **हाल ही में इसरो ने 3डी प्रिंटिंग तकनीक से निर्मित किस लिक्विड रॉकेट इंजन का सफल परीक्षण किया है?**
   (a) रॉक्स-2
   (b) पीएस-4
   (c) स्मार्ट-2
   (d) ड्रैग-मार्क-2
7. **हाल ही में भारत की आदिवासी कला परंपराओं को प्रदर्शित करने वाली 'स्वदेश' नामक प्रदर्शनी का आयोजन कहाँ हुआ है?**
   (a) न्यूयार्क
   (b) नई दिल्ली
   (c) दुबई
   (d) लंदन
8. **रोमांचक फ्रेंच मोटो GP 2024 किसने जीता है?**
   (a) जॉर्ज मार्टिन
   (b) लुईस हैमिल्टन
   (c) मैक्स वेरस्टैपेन
   (d) कार्लोस सैन्ज़
9. **वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी इदाशिशा नोंगरांग को किस राज्य की पहली महिला पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है?**
   (a) त्रिपुरा
   (b) सिक्किम
   (c) असम
   (d) मेघालय
10. **चीन सीमा पर प्रति किमी सड़क बनाने पर सरकार कितने करोड़ रुपए खर्च करेगी?**
    (a) 2 करोड़
    (b) 12 करोड़
    (c) 5 करोड़
    (d) 8 करोड़

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (b) | (a) | (b) | (c) | (b) | (c) | (a) | (d) | (a) |